हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 07 जुलाई 2025 **समय 1305**

प्रधानमंत्री ने बहुध्रुवीय और समावेशी विश्व व्यवस्था पर बल दिया है। शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत वैश्विक संस्थाओं में व्यापक सुधार के साथ होनी चाहिए और ऐसे उपाय केवल सांकेतिक नहीं होने चाहिए, बल्कि उनका वास्तविक प्रभाव भी दिखना चाहिए। श्री मोदी ने प्रशासनिक व्यवस्था, मताधिकार और नेतृत्व क्रम में बदलाव की अपील की। उन्होंने नीति निर्माण में अल्प विकसित और विकासशील देशों को उच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनेक देश ऐसे हैं जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद निर्णय प्रक्रिया में समुचित स्थान से वंचित हैं। श्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और बहुपक्षीय विकास बैंक जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधार का आग्रह किया।

****
****

जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से आज तड़के आठ हजार छह सौ पांच श्रद्धालुओं का छठा जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच श्रीअमरनाथ यात्रा के लिये रवाना हुआ। इनमें से तीन हजार चार सौ 86 श्रद्धालु बालतल मार्ग से और पांच हजार एक सौ 19 श्रद्धालु पहलगाम मार्ग से पावन गुफा तक की यात्रा करेंगे।

****
****

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के तीन जिला कार्यालयों झज्जर, कुरूक्षेत्र और सिरसा का उद्घाटन कल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय से वर्चुअल के माध्यम से किया।इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि आज हम एक वट वृक्ष के रूप में जिस भाजपा को देख रहे हैं इसके बीज डा. श्यामा

प्रसाद मुखर्जी ने रखे थे। श्री नड्डा ने कहा कि डा. मुखर्जी ने कभी विचारों के साथ समझौता नहीं किया। श्री नड्डा ने कहा कि 13 राज्यो में भाजपा की सरकार हैं। 6 राज्यों मे एनडीए की सरकार है। पांच राज्यों में तीसरी बार भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि अब तमिलनाडू, केरल और पश्चिम बंगाल के चुनाव भी पूरी मेहनत और लग्न से लड़ा जाएगा।

****

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'अमृतकाल' में प्रवेश कर चुका है और 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कल नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र दिया है।नए खोले गए पार्टी कार्यालय 'सबके प्रयास' को संगठित करने और उसे सही दिशा देने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि हरियाणा के झज्जर, सिरसा व कुरूक्षेत्र सहित तीन जिलों के नए कार्यालयों से संगठन और मजबूत होगा, सेवा की भावना और प्रगाढ़ होगी तथा संकल्प और दृढ़ होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जहां एक बूथ पर पोस्टर लगाने वाला कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वे स्वयं हैं।मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के हर घर तक पहुंचना है, हर दिल को जीतना और प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प में 'विकसित हरियाणा' का सबसे अधिक योगदान सुनिश्चित करना है।

****

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कल झज्जर, सिरसा और कुरूक्षेत्र में जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 20 जिलों में भाजपा कार्यालयों बन चुके हैं और जल्द ही दो जिलों का निर्माण अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा के कार्यालय कार्यकर्ताओं के निर्माण का केंद्र होता है और यहां से कार्यकर्ता संस्कार लेकर जाएंगे और पार्टी को

मजबूत करने का काम करेंगे। श्री बड़ौली ने नायब सरकार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विकास और सुशासन व जनसेवा की मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाण में तेज गति से विकास के कार्य हो रहे हैं।

****
****

कल विश्व जूनोटिक रोग रोकथाम दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य जानवरों से मनुष्यों में होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोध में सुझाव दिया गया है कि वर्ष 2030 तक कुत्तों से होने वाले रेबीज़ को खत्म करने के लिए कार्रवाई को तेज़ करना होगा।परिषद ने कहा है कि भारत में हर वर्ष रेबीज से करीब पांच हजार सात सौ लोगों की मृत्यु होती है जबकि देश में जानवरों के काटने की लगभग 91 लाख से अधिक घटनाएं होती है।

****
****